चीन से आतंकवाद व ब्रह्मपुत्र पर वार्ता

विदेश मंत्रियों के बीच साझा हित के द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों पर हुई चर्चा

नई दिल्ली, 19 अगस्त. चीन के विदेश मंत्री वांग यी के साथ यहां दो दिन तक अलग-अलग स्तर की वार्ता के दौरान भारतीय पक्ष ने सीमा पार आतंकवाद और चीन द्वारा ब्रह्मपुत्र नदी पर बनाए जा रहे विशाल बांध का मुद्दा उठाते हुए जोरदार तरीके से अपना दृष्टिकोण स्पष्ट किया.

विदेश मंत्रालय ने दोनों पक्षों के बीच वार्ताओं के दौर संपन्न होने के बाद मंगलवार देर शाम एक वक्तव्य जारी कर कहा कि विशेष प्रतिनिधियों की वार्ता में सीमा पर तनाव कम करने, परिसीमन और सीमा मामलों से संबंधित मुद्दों पर चर्चा हुई. विदेश मंत्रियों के बीच चर्चा में साझा हित के द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों पर चर्चा हुई. राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल के निमंत्रण पर भारत यात्रा पर आए श्री वांग ने भारत और चीन के बीच सीमा मुद्दे पर विशेष प्रतिनिधियों की 24वें दौर की वार्ता की सह-अध्यक्षता करने के अलावा विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर के साथ द्विपक्षीय वार्ता भी की और बाद में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से भी मुलाकात की. बातचीत के दौरान भारतीय पक्ष ने सीमा पार आतंकवाद सहित सभी रूपों और अभिव्यक्तियों में आतंकवाद के मुद्दे को जोरदार तरीके से उठाया और याद दिलाया कि शंघाई सहयोग संगठन, जिसका शिखर सम्मेलन इस महीने के अंत में चीन में आयोजित किया जाएगा.

> चर्चा के दौरान विदेश मंत्री जयशंकर ने यारलुंग त्सांगपो (ब्रह्मपुत्र नदी) के निचले इलाकों में चीन द्वारा विशाल बांध के निर्माण के संबंध में भारत की चिंताओं को भी रेखांकित किया, जिसका निचले तटवर्ती राज्यों पर प्रभाव पड़ेगा. इस संबंध में अत्यधिक पारदर्शिता की आवश्यकता पर ज़ोर दिया गया. चीनी पक्ष ने ताइवान का मुद्दा उठाया इस पर भारतीय पक्ष ने ज़ोर देकर कहा कि इस मुद्दे पर उसकी स्थिति में कोई बदलाव नहीं आया है.

गाजीपुर में नौवीं के छात्र ने की दसवीं के छात्र की हत्या

स्कूल में बने शौचालय में चाकूबाजी की घटना

गाजीपुर, 19 अगस्त. एक 9वीं कक्षा के छात्र ने फल काटने वाले चाकू से 10वीं कक्षा के छात्र आदित्य वर्मा पर हमला कर दिया. शौचालय में हुई इस खौफनाक घटना में आदित्य की मौत हो गई और तीन अन्य छात्र घायल हो गए. मामले में दो नाबालिगों पर हत्या का केस दर्ज. स्कूल जिसे सुरक्षित स्थान माना जाता है, वो दिल दहला देने वाली वारदात का गवाह बना है. गाजीपुर में एक छात्र ने स्कूल के सीनियर छात्र की बेरहमी से हत्या कर दी. गाजीपुर शहर कोतवाली क्षेत्र स्थित सनबीम स्कूल में 9वीं कक्षा के छात्र ने 10वीं के छात्र आदित्य वर्मा (15) की चाकू मारकर हत्या कर दी. घटना स्कूल की तीसरी मंजिल पर बने शौचालय में हुई, जहां पहले से तनातनी चल रही छात्रों के दो गुट आमने-सामने आ गए. बताया जा रहा है कि आरोपी छात्र फल काटने वाला चाकू पानी की बोतल में छिपाकर लाया था. शौचालय में कहासुनी के बाद आरोपी ने आदित्य के सिर और सीने पर चाकू से चार वार किए. आदित्य लहूलुहान हालत में शौचालय से लड़खड़ाता हुआ बाहर निकला, जिसे एक शिक्षिका ने गोद में लेकर संभाला, लेकिन जिला अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसने दम तोड़ दिया.

अमूल दुनिया में सबसे ज्यादा पसंद किया जाने वाला ब्रांड

केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने लोकसभा में कहा

नई दिल्ली, 19 अगस्त. केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने लोकसभा में कहा कि अमूल को दुनिया के सबसे सशक्त खाद्य और डेयरी ब्रांड का दर्जा दिया गया है और यह दुनिया में सबसे ज्यादा पसंद किया जाने वाला ब्रांड है.

शाह ने लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में कहा कि राष्ट्रीय सहकारी डेटाबेस (एनसीडी) पोर्टल के अनुसार गुजरात में 15740 डेयरी सहकारी समितियां कार्यशील है. गुजरात में एक सुविकसित डेयरी सहकारी नेटवर्क है जिसका नेतृत्व गुजरात सहकारी दुग्ध विपणन संघ लिमिटेड (अमूल) करता है जिसमें 18 जिला संघ और 36 लाख से अधिक सदस्य शामिल है. उन्होंने कहा कि वर्तमान में गुजरात से अमूल अपने सहकारी नेटवर्क के माध्यम से प्रतिदिन लगभग 250 लाख लीटर दूध प्राप्त करता है जिससे गुजरात देश के अग्रणी दुग्ध उत्पादक राज्यों में से एक बन गया है.

अमूल को दुनिया के सबसे सशक्त खाद्य और डेयरी ब्रांड का दर्जा दिया गया है और सालाना 24 अरब पैक बिकने के साथ यह दुनिया में सबसे ज्यादा पसंद किया जाने वाला ब्रांड है. उन्होंने कहा कि पिछले सात वर्षों में राष्ट्रीय डेयरी विकास कार्यक्रम के तहत गुजरात को 515 करोड़ के कुल परियोजना परिव्यय के साथ 315 करोड़ की अनुदान सहायता प्राप्त हुई है जिसके परिणामस्वरूप 2052 बल्क मिल्क कूलर, 4309 स्वचालित दूध संग्रहण प्रणालियां और दूध में मिलावट का पता लगाने वाली एक हजार मशीनें स्थापित की गई हैं.

सीएसडीएस संजय ने मांगी माफी

नई दिल्ली, 19 अगस्त. महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव की वोटर लिस्ट पर उठे विवाद ने नया मोड़ ले लिया है. सेंटर फॉर द स्टडी ऑफ डेवलपिंग सोसाइटीज (सीएसडीएस) के कोऑर्डिनेटर संजय कुमार ने अपने विवादित ट्वीट को हटाते हुए माफी मांग ली है.

उन्होंने स्वीकार किया कि 2024 के लोकसभा और विधानसभा चुनाव के आंकड़ों की तुलना में गंभीर गलती हुई थी. संजय कुमार ने कहा कि उनकी डेटा टीम ने रॉ आंकड़ों को गलत पढ़ा, जिसकी जिम्मेदारी वे खुद लेते हैं और इस त्रुटि पर खेद जताते हैं. दरअसल, संजय कुमार ने दावा किया था कि नासिक पश्चिम और हिंगना सीटों पर मतदाताओं की संख्या क्रमशः 47 और 43 फीसदी बढ़ी है, जबकि रामटेक और देवलाली में 38 और 36 फीसदी की कमी दर्ज हुई है. इस दावे के बाद कांग्रेस ने चुनाव आयोग पर सवाल उठाते हुए 'वोट चोरी' का आरोप लगाया था.

लेकिन माफी के बाद भाजपा ने कांग्रेस को आड़े हाथों लिया. भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया ने कहा कि विपक्ष ने 40 घंटे तक झूठ फैलाकर लोकतंत्र को कमजोर करने और चुनाव आयोग की साख को धूमिल करने की कोशिश की. उन्होंने सवाल उठाया कि जब सीएसडीएस खुद अपनी गलती मान रहा है तो कांग्रेस अब भी चुनाव आयोग को कटघरे में क्यों खड़ा कर रही है. जो वोट चोरी का आरोप तमाम विपक्षी दल लगा रहे हैं, इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन खराब है.

सुप्रीम कोर्ट ने कार्टून बनाने वाले हेमंत की अंतरिम राहत बढ़ाई

नई दिल्ली, 19 अगस्त. उच्चतम न्यायालय ने पीएम व आरएसएस के कथित आपत्तिजनक कार्टून बनाने और उसे सोशल मीडिया पर साझा करने के मामले में इंदौर के कार्टूनिस्ट हेमंत मालवीय की गिरफ्तारी से संरक्षण की अवधि मंगलवार को अगली सुनवाई तक के लिए बढ़ा दी. न्यायमूर्ति अरविंद कुमार और न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया की पीठ ने अगली सुनवाई तक अंतरिम संरक्षण अवधि बढ़ाते हुए कहा कि उन्हें 10 दिनों के भीतर माफीनामा प्रकाशित करना चाहिए. पीठ के समक्ष मालवीय के अधिवक्ता ने कहा कि वह अपनी सोशल मीडिया पोस्ट के लिए फेसबुक, इंस्टाग्राम पर माफीनामा प्रकाशित करेंगे.

इटली पीएम ने वाइट हाउस में कहा 'नमस्ते'

जॉर्जिया मेलोनी की वाइट हाउस में बनी चर्चा का केंद्र

इटली, 19 अगस्त. प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के एक सहायक को 'नमस्ते' कहकर किया स्वागत. यह छोटा सा पल वाइट हाउस में सबका ध्यान खींच ले गया.

मेलोनी की यह भारतीय शैली की विनम्रता सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है, जिसे वैश्विक संस्कृति के प्रति सम्मान और वैकल्पिक अभिवादन का उदाहरण माना जा रहा है. एक अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारतीय संस्कृति की छाप छोड़ते हुए इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने 'नमस्ते' कहकर ऐसा प्रभाव छोड़ा कि वीडियो अब दुनियाभर में वायरल हो रहा है

> 'नमस्ते' का यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है. लोग इसे भारतीय संस्कृति का वैश्विक प्रभाव और मेलोनी की सभ्यता का उदाहरण बता रहे हैं. कई यूजर्स ने इसे क्लास विद कल्चर बताया. मेलोनी का यह अंदाज़ सिर्फ सोशल मीडिया पर ही नहीं, बल्कि कूटनीतिक गलियारों में भी चर्चा का विषय बन गया है. उनके इस अभिवादन ने यह संकेत भी दिया कि भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों को विश्व स्तर पर स्वीकार किया जा रहा है. इस बैठक में यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की भी मौजूद थे, जो इस बार औपचारिक ब्लैक सूट में दिखे. वहीं, रूस-यूक्रेन शांति समझौते को लेकर ट्रंप और यूरोपीय नेताओं में गंभीर वार्ता हुई.

वाशिंगटन में वाइट हाउस के भीतर एक ऐतिहासिक क्षण दर्ज हो गया, जब इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सहायक का स्वागत पारंपरिक भारतीय अभिवादन 'नमस्ते' के साथ किया. जहाँ अन्य नेता हाथ मिलाने या औपचारिक मुस्कान के जरिए स्वागत कर रहे थे, वहीं मेलोनी की यह एक छोटी-सी विनम्रता सबका ध्यान खींच ले गई. यह दृश्य उस वक्त सामने आया जब अंतरराष्ट्रीय बैठक से पहले सभी नेता आपस में मिल रहे थे.

प्रधानमंत्री मोदी से मिले चीन के विदेश मंत्री वांग यी

नई दिल्ली. भारत दौरे पर आए चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने मंगलवार शाम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की. इस मुलाकात में द्विपक्षीय संबंधों को और बेहतर बनाने तथा शांति बहाली पर विशेष जोर दिया गया. पीएम मोदी और वांग यी के बीच बातचीत में व्यापारिक संबंधों को सुदृढ़ करने, निवेश बढ़ाने और आपसी विश्वास बहाल करने पर चर्चा हुई. पीएम ने स्पष्ट किया कि भारत चाहता है दोनों देशों के रिश्ते आपसी सम्मान और संप्रभुता के आधार पर आगे बढ़ें.

एक नजर में

यूक्रेनी ड्रोन के मलबे से रिफाइनरी में लगी आग

मॉस्को, 19 अगस्त. दक्षिण-पश्चिमी रूसी शहर वोल्गोग्राद में गिराए गये यूक्रेनी ड्रोन के मलबे से एक अस्पताल और एक तेल रिफाइनरी में आग लग गई. क्षेत्रीय गवर्नर आंद्रे बोचारोव ने जानकारी देते हुए बताया कि रूसी सेनाओं ने वोल्गोग्राद पर एक बड़े ड्रोन हमले को विफल कर दिया. शहर के दक्षिणी हिस्से में ड्रोन के टुकड़ों से अस्पताल संख्या 16 की इमारत की छत और एक स्थानीय तेल रिफाइनरी में आग लग गई. उन्होंने आगे कहा, अग्निशमन कर्मी घटनास्थल पर हैं और आग पर काबू पाने का काम कर रहे हैं.

राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार रेड्डी का स्वागत

नई दिल्ली, 19 अगस्त. विपक्षी दलों के इंडिया गठबंधन के नेताओं ने उप राष्ट्रपति पद के लिए घोषित अपने उम्मीदवार पूर्व न्यायाधीश बी सुदर्शन रेड्डी का यहां इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पहुंचने पर भव्य स्वागत किया। रेड्डी का हवाई अड्डे के टर्मिनल-3 पर पहुंचने पर कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी, नासिर हुसैन, इमरान प्रतापगढ़ी, राजीव शुक्ला तथा झारखंड मुक्ति मोर्चा की महुआ माझी सहित कई अन्य सांसदों ने गुलदस्ता भेंट कर सवागत किया. रेड्डी ने उनके स्वागत के लिए हवाई अड्डे पहुंचे गठबंधन के नेताओं का आभार व्यक्त करते हुए उप राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनाने के लिए इंडिया गठबंधन को धन्यवाद दिया. उन्होंने सभी सांसदों से उनकी उम्मीदवारी का समर्थन करने की भी अपील की.

बीकेआई के सदस्य गिरफ्तार, हैंडग्रेनेड बरामद

जालंधर, 19 अगस्त. पंजाब की इंटेलिजेंस पुलिस ने एक मामले में पूछताछ के आधार पर कारवाई करते हुए कोलकाता और नकोदर से बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) के दो गुर्गों को गिरफ्तार कर उनके पास से एक हैंडग्रेनेड बरामद किया है. पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने मंगलवार को बताया कि काउंटर इंटेलिजेंस जालंधर ने कुछ दिन पहले राजस्थान से बीकेआई के दो गुर्गों रितिक नरोलिया और एक किशोर की गिरफ्तारी के बाद, आगे और पीछे के संबंधों पर तेज़ी से कार्रवाई करते हुए एक 86पी हैंड ग्रेनेड बरामद किया है. डीजीपी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों के खुलासे के बाद उनके सहयोगी विश्वजीत को कोलकाता से और जैक्सन को पंजाब के नकोदर से गिरफ्तार किया गया. जिससे उक्त हैंड ग्रेनेड बरामद हुआ. उन्होंने कहा कि सभी आरोपी कनाडा स्थित बीकेआई के मास्टरमाइंड जीशान अख्तर और अजय गिल के निर्देशों पर काम कर रहे थे.

युवाओं और पर्यटन को दोहरी सौगात

बिहार में रोजगार, विकास और पर्यटन में नया अध्याय

पटना, 19 अगस्त. बिहार सरकार ने युवाओं और राज्य के पर्यटन को लेकर ऐतिहासिक फैसले लिए हैं। नीतीश कुमार की अध्यक्षता में हुई. इस बैठक में कुल 16 अहम एजेंडों पर मुहर लगी, जो शिक्षा में छात्रों के लिए नीतीश का एलान है.

परीक्षा फीस फ्री कर दी पर्यटन और युवाओं के भविष्य को नई दिशा देने वाले माने जा रहे हैं. बिहार अब विकास के नए पथ पर अग्रसर होता दिखाई दे रहा है. कैबिनेट बैठक में प्रतियोगी परीक्षाओं की फीस में कटौती और 5 स्टार होटल निर्माण जैसी

योजनाओं को हरी झंडी मिल गई. ये फैसले न सिर्फ शिक्षा के क्षेत्र में क्रांतिकारी साबित होंगे, बल्कि राज्य के पर्यटन और बिहार में सरकारी नौकरियों की तैयारी करने वाले लाखों युवाओं के लिए राहत भरी खबर आई है. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई कैबिनेट बैठक में यह फैसला लिया गया कि अब सामान्य प्रतियोगी परीक्षाओं में आवेदन शुल्क केवल 100 होगा.

> पर्यटन व रोजगार को बढ़ावा देने के लिए कैबिनेट ने एक और बड़ा कदम उठाया है. नालंदा जिले के राजगीर में दो और वैशाली में एक फाइव स्टार होटल के निर्माण की योजना को मंजूरी दी गई है. ये सभी होटल पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप मॉडल पर बनाए जाएंगे. इससे राज्य में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, जिससे न केवल राजस्व इसके साथ ही पर्यटन और रोजगार को बढ़ावा देने के लिए कैबिनेट ने एक और बड़ा कदम उठाया है. दो और वैशाली में एक फाइव स्टार होटल के निर्माण की योजना को मंजूरी दी गई है.

भारत की आत्मा के राजदूत बनें विदेशी सेवा अधिकारी : मुर्मु

नई दिल्ली, 19 अगस्त. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने राष्ट्रपति भवन में भारतीय विदेश सेवा (2024 बैच) के प्रशिक्षु अधिकारियों से मुलाकात की.

उन्होंने सभी को सेवा में शामिल होने पर बधाई देते हुए कहा कि आप भारत की आत्मा के राजदूत बनकर कार्य करें और अपने कर्तव्यों के निर्वहन में हमारे सभ्यतागत मूल्यों शांति, बहुलवाद, अहिंसा और संवाद को साथ लेकर चलें. राष्ट्रपति ने अधिकारियों को संदेश दिया कि वे हर संस्कृति के विचारों और दृष्टिकोणों के प्रति खुले रहें. उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में विश्व भू-राजनीतिक बदलावों, डिजिटल क्रांति, जलवायु परिवर्तन और बहुपक्षवाद की चुनौतियों से गुजर रहा है.

आज का इतिहास

1781 जॉर्ज वॉशिंगटन ने कॉर्नवॉलिस से लड़ने के लिए दक्षिणी सैनिकों को स्थानांतरित करना प्रारम्भ किया।
1794 नॉर्थवेस्टर्न ओहियो में फॉलन टिम्बर की लड़ाई लड़ी गई।
1847 अमेरिकी सैनिकों ने चुरुबुस्को की लड़ाई में मैक्सिकन सैनिकों को हराया।
1953 फ्रांसीसी सेनाओं ने मोरक्को के सुल्तान सीदी मो. बिन यूसुफ को गद्दी से हटाया।
1953 फ्रांसीसी सरकार ने मोरक्को के राजा मोहम्मद वी को बाहर कर, उसे कोर्सिका में बंदी बना दिया।

प्रबंधन संस्थान विधेयक पारित

नई दिल्ली, 19 अगस्त. लोक सभा में मंगलवार को भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) विधेयक, 2025 ध्वनि मत से पारित किया गया. शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने विधेयक के संबंध में कहा कि पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए यह बहुत महत्वपूर्ण है.

विधेयक में असम के गुवाहाटी में आईआईएम स्थापित करने का प्रावधान हैं.

उन्होंने बिहार में मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया वापस लेने की मांग और चुनावों में वोट चोरी किये जाने के आरोप लगाकर नारेबाजी कर रहे विपक्षी दलों के सदस्यों से कहा कि वे शोरगुल न करें तथा इस अहम विधेयक पर चर्चा में

> उन्होंने कहा कि देश के आईआईएम बहुत उत्कृष्ट कार्य कर रहे हैं, उनकी प्रतिष्ठा न केवल देश बल्कि विदेशों में निरंतर बढ़ती जा रही है. उन्होंने बताया कि आईआईएम, अहमदाबाद का कैम्पस खोलने की मांग दुबई से आयी है और वहां जल्द ही यह बन जायेगा. उन्होंने बताया कि असम में आईआईएम खोलने के लिए 550 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है. पीठासीन अधिकारी दिलीप सैकिया ने भी विपक्षी सदस्यों से कहा कि यदि वे पूर्वोत्तर क्षेत्र में विकास चाहते हैं, तो उन्हें इस विधेयक पर चर्चा में शामिल होना चाहिए. उन्होंने कहा कि असम में पहली बार इतना बड़ा संस्थान खुलने जा रहा है, सदस्यों को शोरगुल बंद कर इस महत्वपूर्ण विधेयक पर अपने विचार रखने चाहिए.

वेकोलि में सतर्कता जागरुकता अभियान का शुभारंभ

नागपुर, 19 अगस्त. वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (वेकोलि) में सतर्कता जागरूकता अभियान का शुभारंभ किया गया. वेकोलि मुख्यालय में आयोजित सतर्कता जागरूकता अभियान के उद्घाटन समारोह में जेपी द्विवेदी, सीएमडी, वेकोलि मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे.

अपने उद्बोधन में जेपी द्विवेदी ने कहा कि कंपनी के दैनिक कार्यों में पारदर्शिता बरतने से न केवल हम अपने कार्य को नियमानुसार पूर्ण करते है बल्कि राष्ट्र के प्रति भी अपनी जिम्मेदारी निभाते है. उन्होंने निवारक सतर्कता पर जोर देते हुए कहा कि सतर्कता कार्यप्रणालियों में पारदर्शिता, दक्षता और ईमानदारी सुनिश्चित करने का एक सतत प्रयास होना चाहिए. उन्होंने सभी से आह्वान किया कि कंपनी के नियमों का पालन करते हुए अपना कार्य जागरूकता पूर्वक करें.

मुख्य सतर्कता अधिकारी अजय मधुकर म्हेत्रे ने उद्बोधन में सतर्कता जागरूकता अभियान के उपलक्ष्य में आयोजित विविध कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से बात की. उन्होंने कहा कि सत्यनिष्ठा, पारदर्शिता तथा ईमानदारी वेकोलि के मूल सिद्धांत है तथा इन्हें बल प्रदान करने हेतु सतर्कता विभाग निरंतर कार्यशील रहता है. उन्होंने कहा कि मुख्य सतर्कता आयोग के निर्देशानुसार वेकोलि में 18 अगस्त से 17 नवंबर तक निवारक सतर्कता पर केन्द्रित, सतर्कता जागरूकता अभियान चलाया जाएगा. इस अभियान के अंतर्गत कैपेसिटी बिल्डिंग, प्रणालीगत सुधार, एसेट मैनेजमेंट, शिकायतों का निपटान आदि पर कार्य किया जाएगा. इस अवसर पर निदेशक तकनीकी (संचालन तथा योजना एवं परियोजना) आनंद प्रसाद तथा निदेशक (मानव संसाधन) डॉ. हेमंत शरद पांडे की प्रमुख उपस्थिति रही. अंत में धन्यवाद ज्ञापन महाप्रबंधक (सतर्कता) मनोज कुमार गुप्ता ने किया. समारोह में विभागाध्यक्ष, वरिष्ठ अधिकारी आदि में मौजूद रहे.

वोटर अधिकार यात्रा | **राहुल गांधी ने ईसी पर साधा निशाना, कहा - बिहार में वोट चोरी का नया तरीका**

बीजेपी और चुनाव आयोग में है साझेदारी : राहुल

नवादा, 19 अगस्त. बिहार में राहुल गांधी और तेजस्वी यादव की 'वोटर अधिकार यात्रा' के तीसरे दिन नवादा में बड़ा राजनीतिक आरोप सामने आया. राहुल गांधी ने दावा किया कि राज्य में नए तरीके से वोटों की चोरी हो रही है.

उन्होंने चुनाव आयोग पर सीधे हमला करते हुए कहा कि बीजेपी और आयोग के बीच सांठगांठ है, जिसके चलते लाखों मतदाताओं के नाम वोटर लिस्ट से काट दिए गए हैं. नवादा में जनसभा को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि यह केवल

बिहार की समस्या नहीं है. उन्होंने आरोप लगाया कि महाराष्ट्र में एक करोड़ वोट गायब कर दिए गए और अब यही खेल बिहार में खेला जा रहा है. राहुल ने दो टूक कहा, जब तक चुनाव आयोग और बीजेपी को झुकाया नहीं जाएगा, हम चैन से नहीं बैठेंगे. राहुल गांधी के साथ मंच पर तेजस्वी यादव भी मौजूद थे. उन्होंने राहुल को देश का भविष्य बताया और ऐलान किया कि अगली बार प्रधानमंत्री वही बनेंगे. तेजस्वी ने भी आरोप लगाया कि सैकड़ों जिंदा वोटरों को मृत घोषित कर सूची से हटा दिया गया है. यह यात्रा न केवल एक राजनीतिक प्रदर्शन है, बल्कि चुनावी व्यवस्था पर जनता का विश्वास बहाल करने की मुहिम बन गई है.

> राहुल गांधी ने रैली को सबोंधन किया है. उन्होंने एक्स पर ट्वीट किया की हिंदुस्तान के बच्चों का भविष्य और तिरंगे की शान, लोकतंत्र और संविधान से सुरक्षित है - इन्हें वोट चोरी से कभी छिनने नहीं देंगे! सुबोध कुमार जी के साथ हुआ, वही लाखों लोगों के साथ बिहार में हो रहा है. वोट चोरी भारत माता पर आक्रमण है - बिहार की जनता ये होने नहीं देगी. जनता का जोश, भारी भीड़ और बीजेपी पर तीखे हमले इस अभियान को राष्ट्रीय बहस में ला चुके हैं.

अमेरिका के यूटा में गोलीबारी 2 पुलिस अधिकारियों की मौत

ट्रेमोंटन शहर में घरेलू हिंसा की शिकायत पर पहुंची थी पुलिस

लॉस एंजिल्स, 19 अगस्त. अमेरिका के यूटा में हुई गोलीबारी में दो पुलिस अधिकारी मारे गए और एक अन्य घायल हो गया.

मीडिया के अनुसार पड़ोसी ब्रिघम सिटी पुलिस विभाग ने बताया कि ट्रेमोंटन शहर में घरेलू हिंसा के एक मामले में किसी व्यक्ति के कई बार 911 पर कॉल करने के बाद ट्रेमोंटन गारलैंड पुलिस विभाग के अधिकारियों ने कार्रवाई की. रिपोर्ट के अनुसार एक व्यक्ति बंदूक लेकर बाहर आया और पहले अधिकारी को गोली मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई. पहले अधिकारी की मदद करने आए दूसरे अधिकारी को भी उस व्यक्ति ने गोली मारी जिससे उसकी मौत हो गई. इस व्यक्ति ने बॉक्स एल्डर काउंटी शेरिफ कार्यालय के एक डिप्टी की गाड़ी पर कई राउंड गोलियां चलाईं. गोलीबारी में वह और उसका कुत्ता घायल हो गए. रिपोर्टों के अनुसार आसपास खड़े लोगों ने व्यक्ति को हथियार नीचे रखने के लिए मना लिया और मौके पर मौजूद अन्य अधिकारियों ने उसे हिरासत में ले लिया. यूटा के गवर्नर स्पेंसर कॉक्स ने एक्स पर एक पोस्ट में इसे एक भयानक और दुखद रात बताया है.

2.14 लाख पंचायतें डिजिटल नेटवर्क से जुड़ीं

नई दिल्ली, 19 अगस्त. देश के ग्रामीण इलाकों में डिजिटल कनेक्टिविटी को मजबूत करने की दिशा में केंद्र सरकार ने एक बड़ा कदम उठाया है. संसद में दी गई जानकारी के अनुसार, अब तक 2,14,325 ग्राम पंचायतें भारतनेट परियोजना के तहत डिजिटल रूप से जोड़ी जा चुकी हैं. इससे ग्रामीण क्षेत्रों में इंटरनेट और ब्रॉडबैंड सेवाओं की पहुंच को व्यापक रूप से बढ़ावा मिला है. केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने लोकसभा में एक लिखित उत्तर के माध्यम से बताया भारत सरकार ग्रामीण डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर को सशक्त बनाने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है. इसके अंतर्गत देश में 21,748 मोबाइल टावर स्थापित किए गए हैं.